>

Title: Need to modernize and provide all necessary passenger facilities in the 'Rajmata Vijaya Raje Scindia Airport' in Gwalior, Madhya Pradesh.

श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया (ग्वालियर): महोदय, राजमाता विजयाराजे सिंधिया एयरपोर्ट टर्मिनल ग्वालियर, मध्यप्रदेश का सबसे पुराना एयरपोर्ट है। यह एयर पोर्ट ग्वालियर रियासत के समय स्थापति किया गया था। लेकिन आजादी के छः दशक पूरे करने के बावजूद भी विकास की सुविधाओं के लिए तरस रहा है। 2001 में तत्कालीन प्रधानमंत्री माननीय श्री अटल बिहारी बाजपेयी जी ने ग्वालियर महाराजपुरा एयर पोर्ट को श्रीमंत राजमाता विजया राजे सिंधिया के नाम समर्पित किया तब से अभी तक टर्मिनल एवं भवन आदि का कोई विकास अथवा जीर्णोद्वार नहीं हुआ है। साथ ही इस एयरपोर्ट पर मध्य प्रदेश के अन्य एयरपोर्टों (इन्दौर, जबलपुर एवं भोपाल) के समान यात्री सुविधाओं का अभाव है।

ग्वालियर, मध्य प्रदेश का उद्योग एवं व्यापार की दृष्टि से प्रदेश के प्रमुख महानगरों में से एक है। शिक्षा के क्षेत्र में यह प्रदेश की धुरी बनती जा रही है। पर्यटन के क्षेत्र में ग्वालियर प्रदेश एवं देश के प्रमुख शहरों में से एक है। जिसके कारण सैकड़ों देशी एवं विदेशी सैलानी वर्ष भर ग्वालियर एवं आसपास के पर्यटक स्थलों के लिए आते जाते रहते हैं। जिसके कारण ग्वालियर एयरपोर्ट को विकसित करने एवं जीर्णोद्वार की सख्त आवश्यकता है। अतः ग्वालियर एयर पोर्ट को विकसित करने का सरकार से आग्रह है।